RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831



हिन्दी मासिक

माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 | अंक : 160 | 31 अक्टूबर, 2018 | मूल्य : 20/-

जोधपुर में श्री नारायण सेवा समिति द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव की झलकियाँ

माली संस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियाँ

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831 Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 160 • 31 अक्टूबर, 2018 • • मूल्य : 20/- प्रति •

संरक्षक :

श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

संरक्षक :

श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी/भामाशाह)

संरक्षक :

श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी
(उद्योगपति/समाजसेवी)

संरक्षक :

श्रीमान नरपतसिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)

सह संरक्षक:

श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

संरक्षक :

श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा
(उद्योगपति)

संरक्षक :

श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत
(उद्योगपति/भामाशाह)

संरक्षक :

श्रीमान भगवानसिंह गहलोत
(उद्योगपति/भामाशाह)

प्रेस फोटोग्राफर
जगदीश देतड़ा
(रितू स्टूडियों मो) 94149 1484

मार्केटिंग इंचार्ज
रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

।। संत लिखमीदासजी नमः ।।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज, पीपाड़ शहर
साँखला सेवा समिति
साँखलो का बेरा वार्ड नं. 01 पीपाड़ शहर

संत शिरोमणि श्री श्री 1008 लिखमीदासजी महाराज
पैदल यात्रा संघ साँखलो का बेरा वार्ड नं. 01 पीपाड़ शहर से अमरपुरा धाम नागौर

जागरण - दिनांक 01 दिसम्बर 2018 को शाम 8 बजे से
पैदल यात्रा रवानगी - दिनांक 02 दिसम्बर को सुबह 4 बजे रवाना होगी।

पता - बाबा रामदेवजी मन्दिर के पास, साँखलो का बेरा वार्ड नं. 01 पीपाड़ शहर

अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	कोषाध्यक्ष	मिडिया प्रभारी	सचिव
श्यामलाल साँखला	लिखमाराम साँखला	अशोक साँखला	महिपाल साँखला	सज्जनराज साँखला
मो. 9982087571	मो. 9460156241	मो. 9460532927	मो. 9461647306	मो. 9928692477

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

संपादक की कलम से....

घर घर दीप जले.....

हमारे पर्व/उत्सव/त्यौहार हमारी संस्कृति के संवाहक है, संरक्षक है । इनके बिना हम समाधि संस्कृति के संरक्षण की कल्पना भी नहीं कर सकते । हिंदू धर्म के अनेक त्यौहार हैं। दीपावली उनमें प्रमुख व महत्वपूर्ण है । दीपावली प्रतिवर्ष कार्तिक माह की अमावस्या को मनायी जाती है। यह एक संक्रमण काल है । वर्षा ऋतु की विदाई तथा शरदकाल का स्वागत इसी समय किया जाता है। दीपावली को मनाने के पीछे कई मान्यताएँ है । भगवान श्रीराम के बनवास काल के पश्चात् पुनः अयोध्या तथा भगवान के स्वागत में दीपों का जलाया जाना एक महत्वपूर्ण मान्यता है जिसके साथ खुशी या प्रसन्नता का जुड़े रहना एक प्रमुख कारण है । एक अन्य मान्यता के अनुसार कार्तिक माह तक किसानों के खेतों में शरीफ की फसल पक कर तैयार हो जाती है । किसानों के खेत खलियान अन्य कृषि धन से भरे रहते हैं । खुशी के कारण उसका मन मयूर नाच उठता है वह अपनी प्रसन्नता को दीप जलाकर अर्थात् दीपावली मनाकर अभिव्यक्त करता है । कारण जो भी हो यह निश्चित है कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, प्रेम भाईचारे का त्यौहार हैं । आपसी कटूता, कलह, ईर्ष्या–द्वेष को भुलकर मानव मात्र को गले लगाने का त्यौहार है । दीपावली जैसे त्यौंहार को शुद्ध भाव से मनाने से सुख समृद्धि और स्वास्थ्य की वृद्धि होती है । अतः प्रमाणिक रूप से कह सकते है कि दीपावली समृद्धि व सुस्वास्थ दिलाने वाला त्यौहार है ।

प्रतिवर्ष की भाँति इस बार भी हम दीप अवश्य जइएँ, किंतु केवल तेल–वाती वाला मिट्टी का दीपक ही नहीं !

1. अपितु दीप जइएँ ज्ञान का – दीपावली के अवसर पर ज्ञान का दीपक जलाकर अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाएँ । घर के हर बच्चे/बच्चियों को पढ़ाएँ, उन्हें उन्नति के शिखर तक पहुंचाएँ। पढ़ने वाले विद्यार्थ दीपावली से अपने अध्ययन को गति दें । अपनी दिनचर्या में अध्ययन के समय को बढ़ाएँ। अध्ययन का अलग से टाइम टेबल बनाएँ तथा उसके अनुसार अध्ययन को प्राथमिकता देवें । शिक्षा से वंचित नहीं रहे । सबकों शिक्षा के पर्याप्त अवसर मिलें ।

2. दीप जलाएँ समृद्धि का – सभी प्रकार के सुख–समृद्धि का मूल है शिक्षा/शिक्षा से ही ज्ञान की प्राप्ति होती है योग्यता बढ़ती है । योग्यता से धन की प्राप्ति होती है । धन धान्य से समृद्धि आती है अतः सब प्रकार से समृद्धि का कारण शिक्षा ही बनती है । समृद्धि घर–परिवार से गाँव–शहर समृद्ध होते है तथा गाँवा/शहरों की समृद्धि राज्य/देश की समृद्धि का कारण बनती है । समृद्ध देशो/राज्यों से सम्पूर्ण विश्व समृद्ध होता है । मानवता सुख समृद्धि से पूर्ण होती है ।

3. दीप जलाएँ खुशियों का – उत्सव/पर्व/त्यौहार हमारी खुशियों के लिए होते हैं । हम अपनी खुशियाँ दूसरों को भी बाँटे, अपने तक सीमित नहीं रखें । खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं, दुख बाँटने से कम होते हैं । जितना समय हमारी प्रसन्नता/खुशी में व्यतीत होता है । वही हमारी वासत्विक आयु है। पर्व/त्यौहारों के अवसर पर पारस्परिक कटुता को भूलकर भ्रातृभाव, स्नेह, सौहार्द का वातावरण उत्पन्न करें । आपका घर आंगन खुशियों से भर जायेगा । आपको जीवन जीने का वास्तविक आनंद लाभ प्राप्त होगा ।

4. दीप जलाएँ अमन चेन का – पारस्परिक कटुता/वैर/ईर्ष्या–द्वेष हमारी खुशियों के दुश्मन है। आपने रिश्तेदारों के अलावा हम अपने पड़ौसियाँ/मोहल्ले वासियों से भी अच्छे सम्बन्ध बनावें । इसके सुख दुःख में भागीदार बनें । एक सबके लिए सब एक के लिए के सिद्धान्त पर चले, सहकारिता को अपनाएँ। अपने अधिकारों की सीमा का समझे, दूसरों के अधिकारों की रक्षा करें । एक–दूसरों के लिए जीएँ । सबके कल्याण की कामना करें । सब सुखी तोह में सुखी यही भावना रखें ।

5. दीप जलाएँ स्वच्छता का – जीवन में स्वच्छता को अपनाना अत्यंत आवश्यक हैं । स्वच्छ भारत मिशन को अपनाएँ । अपने घर, गली, मौहल्ले को साफ रखें। कचरा इधर–उधर नहीं डालें । जहाँ स्वच्छता है, वहाँ सुस्वास्थ्य है । जीवन में स्वच्छता को अपनाएँ, स्वस्थ रहें । अपने आसपास के वातावरण को साफ रखें । पर्यावरण की शुद्धि हमारे व पूरे देश के हित में अधिकाधिक पेड़ लगाएँ, उनका संरक्षण करें। पेड़ पौधे हमारे लिए हरा सोना है। उनकी रक्षा हमारा धर्म है। प्रदूषण से बचें। प्रदूषण से वातावरण विषैला बनता है।

और हाँ, एक बात और हर दीपावली पर अपनी दूसरों को बाँटे। खुशियों को अपने घर–परिवार–मोहल्ले तक सीमित नहीं रखें। दूसरों को भी अपनी खुशी के भागीदार बनाएँ। ऐसे लोगों के बीच जावें जिनके घर चूल्हे नहीं जलते, जहाँ दीपक नहीं सजते। उन्हें अपने हाथ से भोजन–वस्त्र–मिठाई बाँटे। उनका आशीर्वाद लें। उन्हें भी दीपावली की खुशी का एहसास करावें। फिर देखें आपकी खुशियाँ हजार गुनी हो जायेगी, आपके मन मस्तिष्क को परम शांति और संतुलित का अनुभव होगा। किसी के होठों पर मुस्कान लाना आपके लिए वरदान सिद्ध होगा ।

मनीष गहलोत

भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट पद पर लेफ्टिनेंट जनरल एस. के. सैनी की नियुक्ति

देहरादून। लंबे समय से खाली चल रहे भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट पद पर 'लेफ्टिनेंट जनरल एस. के. सैनी की नियुक्ति हो गई है। लेफ्टिनेंट जनरल सैनी अकादमी के 46 वें कमांडेंट बनाए गए हैं। 1981 में जाट रेजमेंट की 7 वीं बटालियन में बतौर सेकेंड लेफ्टिनेंट उन्होंने सेवाएं शुरू की थी।

मई 2015 में लेफ्टिनेंट जनरल मानवेंद्र सिंह की रिटायरमेंट के बाद से पद पर नियमित तैनाती नहीं हुई। कुछ समय के लिए लेफ्टिनेंट जनरल बीएस नेगी कमांडेंट नियुक्त हुए थे, लेकिन उन्हें मध्य कमान के जीओसी इन सी का पदभार मिलने से पद रिक्त पड़ा था।

वर्ष 1932 में स्थापित भारतीय सैन्य अकादमी में जनरल सैनी की तैनाती होने के बाद लंबे समय से चल रही कार्यवाहक व्यवस्था पर विराम लग गया है। जनरल सैनी 36 वर्षों से सैन्य सेवाओं में हैं। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों और सैन्य ऑपरेशनों में भाग लिया है

कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं लेफ्टिनेंट जनरल सैनी :

भारतीय सैन्य अकादमी, जाट रेजीमेंट की 7वीं बटालियन को कमांड करने के अलावा एक माउंटेन ब्रिगेड और जम्मू कश्मीर में काउंटर इनसर्जेंसी फोर्स को कमांड कर चुके हैं। नेशनल डिफेंस कॉलेज में सीनियर डायरेक्टिंग स्टॉफ और नेशनल सिक्योरिटी गार्डस ट्रेनिंग सेंटर में वेपन इनस्ट्रक्टर के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं।

डिफेंस और स्ट्रेटेजिक स्टडीज में तीन मास्टर्स डिग्री के अलावा कई विदेशी जरनल में उनके कई लेख प्रकाशित हुए हैं। उन्हें गैलेंट्री और उल्लेखनीय सेवाओं के लिए चीफ आफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन, आर्मी कमांडर कमेंडेशन, युद्ध सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है।

कमांडेंट आईएमए के पद पर नियुक्ति से पूर्व जनरल सैनी नेशनल डिफेंस कालेज में सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ पद पर तैनात थे। गौरतलब है कि बीते एक वर्ष के दौरान दो पासिंग आउट परेड कार्यवाहक कमांडेंट के अधीन हुई हैं।

अगर ओलपिंक में जीतना है तो उस स्तर के खिलाड़ियों साथ दौड़ना पड़ेगा – ओ. पी. सैनी

जोधपुर। माली संस्थान, जोधपुर द्वारा आयोजित वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में पर बतौर मुख्य अतिथि भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी ओपी सैनी ने कहा, कि उच्च सेवा में जाने का सफर इतना आसान नहीं है। इसके लिए मजबूत इरादे के साथ सर्किल भी वैसा ही रखना पड़ता है। अगर ओलम्पिक में मेडल जीतना है तो उस लेवल के खिलाडियों के साथ ही दौड़ना पड़ेगा। इससे कॉम्पीटीशन की भावना आएगी और मेहनत पर मेडल मिलेगा। उन्होंने कहा, कि जाती प्रथा खराब नहीं है, लेकिन जातीय भेदभाव गलत है, इसे बदलने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, कि उच्च सेवा में समाज के बहुत कम विद्यार्थी है। इसकी एक वजह कोचिंग व मार्गदर्शन का भी अभाव है। इसी उद्देश्य से समाज में होनहार बच्चों के लिए दिल्ली में इस साल से आईएएस व आईपीएस की कोचिंग शुरू की गई है, जिसे आने वाले समय में विस्तार दिया जाएगा।

राजसीको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री फुले के विचारों को आगे बढ़ाने तथा शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कि जब तक सामाजिक स्तर पर एकता नहीं होगी, तब तक समाज की प्रगति संभव नहीं है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा, कि वर्तमान दौर प्रतियोगिता का दौर है, ऐसे में लक्ष्य निर्धारित कर कठिन मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। समाजसेवी रामअवतार सैनी ने कहा, कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दिन में कम से कम 12घंटे पढ़ना चाहिए। पढ़ते वक्त भी लगातार दो–तीन घंटे नहीं पढ़कर हर चालीस मिनट में एक बार थोड़ा ब्रेक लेना चाहिए। माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने संस्थान की प्रगति और कार्यो की जानकारी दी।

माली संस्थान की ओर से शुक्रवार को रामबाग परिसर में आयोजित

समारोह में जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जालोर, पाली, सिरोही और नागौर जिलों से आई 850 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी, सीपीएमटी, आईआईएम, एनएलयू, एआईईईईई अथवा आरपीएमटी के समकक्ष संस्थान में चयनित प्रतिभाओं और दसवीं एवं बारहवी कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक तथा उच्च शिक्षा इंजीनियरिंग, मेडिकल/आयुर्वेदिक में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही जरूरतमंद स्टूडेंट्स को छात्रवृति भी दी गई। एम्स के समीप बन रहे समाज के आरोग्य भवन निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशा का भी सम्मान किया गया।

ये थे मौजूद : इस मौके पर सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र कच्छवाह, महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, जोधपुर भवन हरिद्वार के अध्यक्ष बाबूलाल पंवार, मेडिकल कॉलेज कोटा के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. जीएल वर्मा, माली समाज अहमदाबाद के अध्यक्ष गंगाराम, भरतपुर माली समाज के अध्यक्ष जुगल सैनी, पुष्कर धर्मशाला के अध्यक्ष ऊंकारराम कच्छवाहा, माली सैनी युवा महासभा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र टाक, अधिकारी–कर्मचारी माली सैनी संस्था जयपुर के अध्यक्ष हनुमान सैनी, अनुभव चंदेल, माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा, नागौर माली संस्थान के अध्यक्ष इंद्रसिंह सैनी, अनुदान कमेटी के अध्यक्ष निर्मल सैनी, माली संस्थान के पूर्व मंत्री हनुमानसिंह गहलोत, माली संस्थान के मंत्री नरेंद्रसिंह परिहार, कोषाध्यक्ष धर्मसिंह गहलोत, चंपालाल संदेशा, मोहनलाल, राजेंद्र परिहार, अरविंद परिहार, विकास बबेरवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। आभार संस्थान के मंत्री योगेश गहलोत ने जताया।

आमसभा में प्रस्तुत किया बजट

इससे पूर्व माली संस्थान की वार्षिक आमसभा भी रखी गई, जिसमें संस्थान की गतिविधियों एवं गत वर्ष का आय व्यय ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ आगामी वर्ष का बजट प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला ने की। शुरूआत में ब्रह्मसिंह परिहार, कंवरसेन गहलोत के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अपने बूते मुकाम हासिल करने वाली 850 माली प्रतिभाएं हुई सम्मानित

चाहे परिवार की समस्या हो, चाहे आर्थिक संकट व लहरो के विपरीत लड़कर माली समाज के युवाओं ने जब सफलता की कहानी लिखी तो समाज ने भी उन्हें सम्मानित करने का बीड़ा उठाया।

प्रशासनिक क्षेत्र या फिर नीट। आईआईटी जैसे उच्च शिक्षण संस्थान के लिए अपनी जगह बनाने वाले युवा कड़ी मेहनत के बलबूते आगे बढ़े। माली समाज की इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। यहां चुनिंदा युवाओं की सफलता अन्य छात्र–छात्राओं के लिए प्रेरणा का आधार है। प्रस्तुत है कुछ कहानियां।

भाई की मौत से टूट गया परिवार, फिर भी गम से उबरकर आईएएस बनी – सुश्री गरिमा पंवार

डीडवाना की रहने वाली गरिमा पंवार के स्कूल में एक दिन कलेक्टर बतौर गेस्ट आए। उन्हें देखते ही उसने कलेक्टर बनने की ठान ली और मन की इच्छा पापा को बताई तो उन्होंने कहा, कि हिन्दी मीडियम में आईएएस बनना थोड़ा मुश्किल है। पापा भी खुद सीनियर सैकडरी पास थे, लेकिन उन्होंने बच्ची के उत्साह को देखते हुए गोटन में इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला करवाया। दसवीं कक्षा में पहुंची तो उसके इकलौते भाई की कैंसर से मृत्यु हो गई। भाई के गम ने उसे और उसके पूरे परिवार को तोड़ दिया, लेकिन इससे उबरकर वह फिर अपने लक्ष्य में जुटी और दिल्ली से लेडी श्रीराम कॉलेज से ग्रेज्युेशन कर आईएएस का एग्जाम दिया और पहले अवसर में ही उसका चयन हो गया। इस जुनून में उसकी मम्मी नंदूश्री पंवार ने पूरा साथ दिया और वह उसके साथ जयपुर व दिल्ली भी रहने गई। इस बीच उसने जिद को पापा को भी स्नातक करवाया। गरिमा फिलहाल मसूरी में आईएएस की ट्रेनिंग ले रही है।

सरकारी स्कूल से पढ़कर इंजीनियरिंग के बाद आईपीएस बना – राहुल भाटी

मेड़ता रोड़ के रहने वाले राहुल ने दसवी कक्षा में ही प्रशासनिक सेवा में जाने का इरादा बना लिया था। वर्ष 2008 में सीनियर सैकंडरी बायलॉजी व मैथ्स में टॉप करने के बाद उसने इंजीनियरिंग जॉइन कही। जोधपुर एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज से बीई करने के बाद उसने साढे सात महीने मेट्रो दिल्ली में जॉब किया और उसके बाद उसका आईईएस में चयन हो गया। इसके बाद इंडियन फॉरेस्ट सर्विस में चयन हुआ, लेकिन उसका सपना आईएएस व आईपीएस ही बनना था। राहुल ने वर्ष 2017 में आईएएस का एग्जाम दिया और उसका आईपीएस में चयन हो गया। उसके पिता उम्मेद भाटी स्कूल व्याख्याता है, जबकि माता हाउस वाइफ है।

6 साल के बच्चे ने स्पेल बी कॉम्पीटिशन में इंटरनेशनल स्तर पर पदक जीता – लाहिताक्ष परिहार

मगरा पूंजला के रहने वाले छह साल के लोहिताक्ष परिहार को इंग्लिश ग्रामर अच्छी लगती है। इसी रूचि के चलते उसने ओलिंपियाड में अच्छा स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उसने चेन्नई की संस्था द्वारा करवाए जाने वाले स्पेल बी कॉम्पीटिशन में भाग लिया। जिला, राज्य व नेशनल स्तर पर पदक जीतने के बाद उसने पदक जीता। उसके पिता दिनेश परिहार बताते है, कि वह अभी कक्षा द्वितीय में है।

दसवीं व बारहवीं में कम प्रतिशत होने के बावजूद डॉक्टर बनने की ठानी– सवाईराम माली

बाड़मेर के रहने वाले सवाईराम माली के पिता पेशे से मजदूरी करते है। मम्मी हाउस वाइफ है। बारहवी तक बाड़मेर में ही सरकारी स्कूल में पढाई की। दसवी में 60 प्रतिशत और बारहवी में 70 प्रतिशत अंक आए। फिर भी मन में डॉक्टर बनने का सपना था, दोस्त के साथ कोटा चला गया। वहां खूब मेहनत की, रैंक तो आई, लेकिन अच्छा कॉलेज नहीं मिलने से जॉइन नहीं किया और दुबारा एग्जाम देने का इरादा बनाया। आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद लक्ष्य को नहीं छोड़ा। दूसरी बार में उसका नीट में भी चयन हुआ और एम्स में भी, उसने एम्स जोधपुर को प्राथमिकता दी।

विशेष सम्मान से सम्मानित समाज की प्रतिभाऐं

1. हनुमान सिंह गहलोत – चुनाव हेतु राज्य स्तरीय सॉफ्टवेयर बनाने हेतु
2. मनोहर सिंह सांखला – एशिया पेसिफिक मास्टर्स गेम्स 2018 मलेशिया में वेटलिफ्टिंग में रजत पदक प्राप्त जीतने पर
3. शिवराज सांखला – 18वीं राजस्थान राज्य शुटिंग चैंपियनशिप, 2018 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर
3. प्रेक्षा सैनी – FemalFutsal NCC cum National Championship -2018 में कांस्य पदक जीतने पर
4. डॉ. सुरेन्द्र देवड़ा – हृदय रोग विशेषज्ञ, ऐम्स। ऐसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रमोशन होने पर
5. डॉ. प्रवीण गहलोत – कवक विज्ञान में विश्व की टॉप तीन पब्लिकेशन में पुस्तक प्रकाशन होने पर
6. डॉ. प्रफुल्ल कच्छवाहा – Hypotensiue Technique for Anasthesia to Reduce Blood during surgery में विशेष कार्य करने पर लाईफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड से सम्मानित होने पर
7. विनय गहलोत – संस्थान के भवन के नक्शे तैयार करने में सहयोग
8. अमित सांखला – संस्थान के भवन के नक्शे तैयार करने में सहयोग
9. अशोक भाटी – अरोग्य भवन धर्मशाला के निर्माण में मुख्य अभियंता के रूप में कार्य करने पर
10. डॉ. दिलीप कच्छवाहा – चर्मरोग में विशेष तकनीक प्राप्त करने पर
11. डॉ आर्य त्रिलोक सांखला – बी.पी.बी.एस. के छात्रों को चिकित्सक परामर्श, सेवा एवं समाजसेवा करने पर
12. हीरालाल गहलोत – हीरा मोती नमकीन के निर्माता द्वारा नवीनत्तम तकनीक एवं गुणवतापूर्ण प्रोडक्ट्स बनाने पर
13. श्यामलाल भाटी – योगा वर्ल्ड ऑफ बुक में वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर
14. भगवानराम माली – योगा वर्ल्ड ऑफ बुक में वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर
15. राहुल भाटी – लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में 1 मिनट में साफा बांधने में नाम दर्ज होने पर
16. बी. सी. माली – एस.बी.आई. बैंक में सहायक प्रबंधक बनने पर
17. घनश्याम सोलंकी – एस.बी.आई. बैंक में सहायक प्रबंधक बनने पर
18. शिवलाल सोलंकी – बैंक ऑफ इण्डिया बैंक में सहायक प्रबंधक बनने पर
19. अजय गहलोत – गौ एवं अश्व संवर्धन में सराहनीय योगदान के लिए
20. गरिमा पंवार – आई.ए.एस. में चयनित होने पर
21. राहुल भाटी – आई. पी. एस. में चयनित होने पर
22. तरूण गहलोत – सी. सै. बोर्ड में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर
23. दिनेश बागड़ी – सी. सै. बोर्ड में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर
24. मिनल परिहार – सेकण्डरी. बोर्ड में 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर
25. गुलशन सोलंकी – सेकण्डरी. बोर्ड में 95.53 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर
26. लोहिताश परिहार – Spell Be Competition में अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने पर
27. निहारिका सोलंकी – डूबते को बचा कर बहादुरी के क्षेत्र में विशेष पहचार बनाने पर
28. सारिका सोलंकी – डूबते को बचा कर बहादुरी के क्षेत्र में विशेष पहचार बनाने पर
29. ज्ञानसिंह गहलोत – लेखा सहायक, कार्यालय वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधन में उत्कृष्ठ सेवा हेतु सम्मानित होने पर
30. कमल किशोर गहलोत – मोबाईल के जरिए, ट्यूबवेल व मोटर साईकिल आदि मशीनों को चालू करने की तकनीक में सफलता प्राप्त करने पर
31. जितेन्द्र कच्छवाहा – चार्टड एकाउन्टेंट बनने पर
32. विकास गहलोत – चार्टड एकाउन्टेंट बनने पर
33. गौत्तम माली – चार्टड एकाउन्टेंट बनने पर
34. हर्षिका परिहार – सी.पी.टी. 2018 में चयनित होने पर
35. प्राची गहलोत – सी.पी.टी. 2018 में चयनित होने पर
36. ओमप्रकाश सोलंकी – NET-2018 में चयन होने पर
37. पुरूषोत्तम माली – NET-2018 में चयन होने पर
38. बबलू सोलंकी – महासचिव, जय नारायण विश्व विद्यालय, जोधपुर
39. दिनेश कुमार पंवार – उपाध्यक्ष, सुभाष महाविद्यालय, सिणधरी बाड़मेर
40. दिनेश सुंदेशा – महासचिव, राज. महाविद्यालय, जालोर
41. जितेन्द्र सांखला – साहित्यिक सचिव, राज. महाविद्यालय, जालोर
42. श्रवण माली – अध्यक्ष, राज. महाविद्यालय, आहोर
43. विष्णु सांखला – अध्यक्ष, राजा उगमसिंह इंदा राज. महाविद्यालय, बालेसर
44. लक्ष्मण सोलंकी – महासचिव, राजा उगमसिंह इंदा राज. महाविद्यालय, बालेसर
45. पंकज सैनी – अध्यक्ष, राज. महाविद्यालय, पोकरण

नवलगढ (झुंझुनु) में सैनी समाज का परिचय सम्मेलन

शिक्षा से आती है समाज में क्रांति– सैनी

नवलगढ़। कस्बे के छोटा बस स्टैंड के पास स्थित सैनी छात्रावास में रविवार को सैनी समाज का युवक–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश माली महासभा के चौयरमेन ओकारराम कच्छावा थे। अध्यक्षता महात्मा ज्योतिबा फुलें राष्ट्रीय संस्थान जयपुर के अध्यक्ष माँगीलाल पंवार ने की। सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सैनी, अखिल भारतीय माली सैनी संस्थान पुष्कर के उपाध्यक्ष मॉगीलाल भाटी, अखिल भारतीय माली सैनी संस्थान पुष्कर के सचिव धन्नाराम गहलोत, बीईईओ बंशीधर सैनी एवं अधिशांसी अभियंता मूलचन्द सैनी भी मंचस्थ अतिथि थे।

आयोजकों की ओर से मंचस्थ अतिथियों को पुष्प माला व शॉल ओढाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की दिशा व दशा पर विस्तार से चर्चा की गई। वही परिचय सम्मेलन के दौरान 300 से अधिक युवक–युवतियों के रजिस्ट्रेशन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. श्रवण सैनी ने कहा कि सैनी समाज संस्था की वेबसाईट भी बननी चाहिए। जिसमें विवाह योग्य बच्चों की डिटेल उपलब्ध हो। वही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ओकारराम कच्छावा ने कहा कि शिक्षा से समाज का भला होता है। शिक्षा से ही समाज का उत्थान होता है। वही समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाने के लिए लोगो को प्रेरित करते हुए समाज हीत मे बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों के अन्दर समाजसेवा की भावना होनी चाहिए। इस दौरान वल्लभाराम तंवर, राधेश्याम सैनी,बाबूलाल सैनी ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार रखे।

सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष कजोड़मल सैनी ने स्वागत भाषण दिया। अधिशांसी अभियंता मूलचन्द सैनी कार्यक्रम मे आए हुए सभी लोगों का अभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र शास्त्री ने किया। इस दौरान कजोड़मल सैनी, पूर्व अध्यक्ष भोजाराम सैनी, रामलाल सैनी पीटीआई, हरिराम सैनी, बिरोल संरपच घासीराम सैनी, बालाजी होटल के संचालक सुभाष चन्द्र सैनी, दिनेश पटवारी, राजेश जमालपुरिया, युवा नेता गंजानन्द, निस्वार्थ सैनी सेवा समिति के अध्यक्ष गंजानन्द सैनी, पंचायत समिति सदस्य रामकरण सैनी, डॉ. श्रवण सैनी, डॉ. विनोद सैनी, मुरलीमनोहर चोबदार, ओमप्रकाश सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार सैनी, एडवोकेट सुरेश कुमार सैनी, एडवोकेट आनंदीलाल सैनी, राजेश जमालपुरिया, संस्था के कोषाध्यक्ष बृजलाल सैनी, सांवरमल सैनी, पूर्व सरपंच सांवरमल सैनी, केशरदेव सैनी, छोटेलाल, पूर्व बीईईओ बनवारीलाल सैनी, रामस्वरुप चौबदार, अटलबिहारी सैनी, नरेश कुमार सैनी सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

12 बोर्ड में प्रथम स्थान पाने वाली नेहा भाटी को मिली स्कूटी व 1 लाख रु प्रोत्साहन राशि

अजमेर। नेहा सैनी भाटी को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12 की परीक्षा में अपने वर्ग में जिले में प्रथम आने पर राज्य सरकार के द्वारा पदमा श्री प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपए राशि का चेक व स्कूटी अजमेर में आयोजित समारोह में शिक्षा राज्य मंत्री श्री वासुदेव देवनानी व जिला प्रमुख वंदना नोगिया के द्वारा प्रदान किया गया।

छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रेरणा स्कूल परिवार प प्रधानाचार्य जसराज सैनी ,विद्यायल कमेटी अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ,उपाध्यक्ष पदम राज सैनी, सचिव माया सैनी, वाईस प्रिंसिपल प्रेरणा सैनी एवम् नेहा सैनी को माली सैनी संदेश की ओर से हार्दिक बधाई एवम् उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं ।

माली (सैनी) संस्थान अजमेर, प्रतिभा सम्मान समारोह

शिक्षा के साथ व्यवसाय भी युवा आगे बढ़े–सैनी

अजमेर। माली सैनी संस्थान अजमेर के तत्वावधान में दिनांक 7 अक्टूबर रविवार को जिला स्तरीय पंचम मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आनंद पैलेस समारोह स्थल गुलाब बाड़ी पर सआनंद संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मां सावित्री बाई फूले व महात्मा ज्योति बा फूले की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर हुआ। बेबी समृद्धि चौहान द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गई जिसे पंडाल में मौजूद हजारों तालियों से प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांखला बिल्डर्स के समाजसेवी राजेश सांखला द्वारा जय फूले के आगाज के साथ ही युवाओं को शिक्षा क्षेत्र व व्यवसाय क्षेत्र में भी आगे आने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे त्रिलोकचंद इंदौरा ने कहा कि मैं निरंतर माली सैनी संस्थान की प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह, रक्तदान शिविर, फूले जंयति की विभिन्न समाज हित गतिविधियों का सहभागी व प्रत्यक्षदर्शी रहा हूं पूरी माली सैनी संस्थान की टीम इस प्रकार के पुनीत कार्यो के लिए साधुवाद के पात्र है।

विशिष्ठ अतिथि सुशील कुार गहलोत जिला शिक्षा अधिकारी विरष्ठ मण्डल वित्त (उ.प.रे.) प्रबंधक अजमेर विक्रम सिंह सैनी, समाजसेवी श्री सेवाराम दग्दी, बी. सी. वंवार पूर्व निदेशक , आकाशवाणी, ताराचंद गहलोत टेक्सवे ग्रुप के निदेशक, निरंजन महावर सहित सभी अतिथियों ने समाज के अतीत से वर्तमात तक माली समाज का देश व समाज हित में योगदान विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभाओं को प्रगतिपथ पर आरूढ़ रहने का आव्हान किया एवं टेक्सवे ग्रुप की देश व्यापी शाखाओं में रोजगार अवसर प्रदान करने हेतु युवाओं को जुड़नें का आव्हान किया।

इस अवसर शिक्षा व खेलकूद क्षेत्र की सैकड़ों प्रतिभाओं के साथ ही सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर छात्र संघ उपाध्यक्ष मानसी सैनी, राजकीय महाविद्यालय, किशनगढ़ के छात्रसंघ अध्यक्ष शुभम मालाकार को समाजसेवियों एवं भामाशाहों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान को सहयोग प्रदान करने वाले सभी भामाशाहों एवं समाजसेवियों का भी बहुमान किया गया।

बर में माली सैनी समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, कई प्रशासनिक अधिकारीयों ने कि शिरकत

शिक्षा से ही समाज का उत्थान :– ओ. पी. सैनी

बर–मारवाड़ (पाली) । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 162 बर बाईपास स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान में आयोजित माली सैनी समाज के प्रथम प्रतिभावान सम्मान समाहरो क्षैत्र के राजकीय कर्मचारियों एंव प्राईवेट कर्मचारियों के नेतृत्व में आयोजित हुआ। आयोजन को लेकर आयोजन समिति के सचिव वेदराज दगदी ने बताया की आयोजन में मुख्य अतिथि छात्र–छात्राओं के मार्गदर्शन हेतू जयपुर से भारतीय प्रशासनिक सेवा के सिनियर आईएएस अधिकारी ओ.पी.सैनी ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के प्रधानाचार्य रामवतार सैनी, आयोजन की अध्यक्षता राजस्थान प्रशासनिक सेवा के आर. ए. एस. अधिकारी ताराचंद भाटी एंव विशिष्ठ अतिथि आर. ए. एस. अधिकारी अमृतलाल सांखला, जयपुर से एडवाकेट अनुभव चंदेल, प्रधानाचार्य विजयलक्ष्मी सांखला, पीपाड़ से शान्तिलाल सैनी एंव भामाशाह शंकरलाल बागड़ी पूना, भामाशाह प्रभूलाल बागड़ी रायपुर, ने आयोजन में बतौर अतिथि शिरकत की सभी अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की और से किया गया। आयोजन में आईएएस अधिकारी ओ.पी.सैनी ने कहा की शिक्षा से ही समाज का उत्थान संभव है। आज के तकनीकी एंव प्रतिस्पर्दा के युग में शिक्षा के क्षैत्र में छात्र–छात्राओं को नए किर्तिमान स्थापित करने होगें। सैनी ने कहा की बालिका शिक्षा पर सर्वाधिक ध्यान दे साथ ही सैनी सबको बेटी पढाओ बेटी बचाओं की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर रामावतार सैनी ने आयोजन में सम्मानित होने आए छात्र–छात्राओं को पढाई करने के नए–नए तरीके समझाऐं, आयोजन को सम्बोधित करते हुऐ एडवोकेट अनुभव चंदेल ने कहा की समाज का भविष्य युवा है।

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे आरएएस अधिकारी ताराचंद भाटी ने कहा की अब इस जमाने में मार्क्स का समय नही है अब हर क्षैत्र में कॉम्पीटेंस है जितनी लगन के साथ आप जुटे रहोगे उतनी ही जल्द सफलता आपके नजदीक होगी। आरएएस अधिकारी अमृतलाल सांखला ने कहा की समाज में शिक्षा के साथ–साथ समाज में एकता महत्वपूर्ण है सभी को एक जुट होकर समाज में निः शुल्क शिक्षण व्यवस्था के लिए युद्वस्तर पर तैयारी करें। आयोजन समिति राजकीय कर्मचारी समिति बर क्षैत्र के अध्यक्ष लाबूराम चौहान अतिथियों का स्वागत भाषण दिया। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष चम्पालाल बागड़ी वरिष्ठ लेखाधिकारी भारत संचार निगम अजमेर ने सभी अतिथियों का आगमन किया। आयोजन का संचालन प्रदेश माली महासभा के महासचिव महेन्द्र चौहान ने किया, महेन्द्र चौहान ने मंच संचालन करते हुऐ कहा की देश की आजादी के 70 वर्षो पूरे होने के बाद माली सैनी समाज का प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह बर क्षैत्र का आयोजित हुऐ साथ समाज के लोगों का आपार सहयोग मिला इस को लेकर अब हर वर्ष गांव में समाज का प्रतिभा सम्मान समाहरो अयोजित किया जाऐगा।

52 प्रतिभाऐं सम्मानित :– राजकीय माली सैनी कर्मचारी संघ बर के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा शिक्षण संस्थान में आयोजित हुऐ प्रथम प्रतिभा सम्मान समाहरों में समाज के 52 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतिभाओं में बेटीयां आगे रही। आयोजन समिति के दुर्गेश बागड़ी एंव पुखराज चौहान ने बताया की प्रतिभाओं के अलावा भी समाज के नवनियुक्त राजकीय कर्मचारीयों एंव विशेष उपाधि प्राप्त प्रतिभाओं के साथ समाज में निःशुल्क कोचिंग में भाग लेने वाले शिक्षको का भी सम्मान किया गया।

इनमें विशेष रूप से बर निवासी प्रदीप गहलोत का सम्मान किया गया, प्रदिप को माहर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर में राजनितिक विज्ञान में स्वर्ण पदक से सम्मानित होने से समाज के साथ–साथ गांव का भी नाम रोशन किया, साथ ही जोधपुर मथुरादास माथुर चिकित्सालय में बतौर नर्सिंग स्टाफ कार्यरत निर्मल गहलोत (चौधरी) को भी अपनी विशेष सेवाओं के तहत सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के सचिव वेदराज दगदी ने बर कस्बे में प्रथम बार आयोजित हुऐ प्रतिभा सम्मान समाहरो की प्रेरणा देने वाले समाज के युवा एंव प्रदेश माली महासभा के महासचिव महेन्द्र चौहान को समिति की और से राजस्थानी परम्परा के अनुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही दगदी ने बताया की आयोजन में अतिथियों को आमन्त्रित करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका महेन्द्र चौहान की रही। आयोजन में कोचिंग व्यवस्था संचालन को लेकर महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ढगलाराम बागड़ी व्यख्यता को भी सम्मानित किया गया।

ये रहे उपस्थित :– आयोजन समिति के राजकीय कर्मचारी सचिव वेदराज दगदी, कोषाध्यक्ष चम्पालाल बागड़ी, सलाहकार सोहनलाल चौहान, चम्पालाल चौहान, दमोदरलाल बागड़ी, पप्पूराम चौहान, लाबूराम गहलोत, अमरलाल गहलोत, दुर्गेश बागड़ी, पुखराज चौहान, सुमनप्रकाश, केलाश चौहान, राकेश बागड़ी, बुधराज बागड़ी, अशोक बागडी, बाबुलाल गहलोत, बगदीराम बागड़ी, रामलाल चौहान, ओमप्रकाश बागड़ी, चम्पालाल दगदी, गौतम दगदी, नरेन्द्र चौहान, मदनलाल पालड़िया, केलाश दगदी,बिराटिया सरपंच ओमप्रकायश बागड़ी, बर उपसरपंच सुखलाल बागड़ी, माली सैना के नेमाराम भाटी, मनोहर गहलोत, सहित माली सैनी समाज के बर, धोलीधेड़, मेघड़दा गांवों के समस्त राजकीय कर्मचारी एंव समस्त माली सैनी समाज के प्रबुधजन उपस्थित रहे।

आज भी ईमानदारी जिन्दा है

चक्की चालक भंवरलाल माली ने लौटाए 8 तोले सोने के जेवर

पादूकलां आज भी ईमानदारी जिन्दा है। चक्की वाले ने आठ तोला सोने के जेवरात दो सौ रूपये महिला को लोटाकर ईमानदारी का परिचय दिया आज इन्सान पैसे के लिऐ कई प्रकार से प्रत्यन्न करता है। यहां तक अपराध करने से भी नहीं चूकता व ही दूसरी और आज के दोर में हाथ आई पूंजी ईमानदारी से वापस लौटना भी एक साहसिक कदम है।

पादूकलां में एक महिला ने अपने आठ तौले के जेवरात सुरक्षित रखने के लिऐ अपने घर में रखे गेहुं के कट्टों में रख दिये। लेकिन वो कई दिनों से इस प्रकार उनमें से गेहु निकालकर पिसाई केलिऐ आटा अपने ही मौहल्ले आटा चक्की चलाने वाले भंवरलाल माली पुत्र रामाराम जी माली को दें आती और आटा लेकर चली आती तीन अक्टूबर को भंवरलाल माली ने ज्यो ही गेहुं पिसाई के लिऐ चक्की में डाला तो उसमें करीबन आठ तौला सोने के जेवरात व दो सौ रूपये निकल आये।

भंवरलाल ने एकाएक गेहूं से जेवरात निकाल लिए तथा राजमदेवी पत्नि जगदीश प्रजापत जो कि गरीबर परिवार से मजदूरी कर पेट पालता है को बुलाकर लोगों के सामने राजूदेवी के सोने जेवरात सुपुर्द कर दिया। राजूदेवी को भी अपने गहने गेहुं में आ जाने की जानकारी नहीं थी। वो तो अभी भी गहने कट्टे में होने को लेकर निश्चिंत थी। राजूदेवी व आसपास के लोगों ने भंवरलाल को उसकी ईमानदारी की भूरी भूरी प्रंशसा की तथा ध्न्यावाद दिया इस दौरान सन्तोषदेवी, लीलादेवी, पतासीदेवी, बिदामीदेवी, पुष्पादेवी, कवितादेवी, सन्तोष टेलर, कचरूलाल टेलर, जगदीश लखारा,नेमीचद टेलर, रामदेव टेलर,चौनाराम भाटी, नरपतसिंह, उपसरपंच पप्पूराम गौरा, अमरसिंह, पुष्कर लखारा, संपतराम गौड़, किशनराम बेड़ा, पवन टेलर, सहित बड़ी संख्या में महिलाऐं एंव ग्रामीण मौजूद थे।

माली सैनी संदेश पत्रिका परिवार समाज के ईमानदार भंवरलाल का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

रुबी सैनी ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज को किया गौरवान्वित

कुरूक्षेत्र। रुबी सैनी जो इस इस समय नैशनल युनिवर्सिटी ऑफ में इन्टरप्राईज बिजनैस एनालिटिक्स में एम. टेक. की छात्रा ने विश्वविख्यात आई.टी. कंपनी गुगल द्वारा विश्व स्तर पर आयोजित की गई ए.पी.ए.सी. वूमैन टैक्मार्कस स्कॉलरशिप प्रोगाम–2018 में जीत दर्ज कर अपने गांव रामसरन माजरा जिला कुरुक्षेत्र व हरियाणा का नाम रोशन किया है।

रुबी सैनी ने सिंगापुर में पढ़ रहे भारतीय व विदेशी छात्र–छात्राओं में वूमैन टिकमार्क प्रतियोगिता जीत कर एकमात्र भारतीय होने का गौरव पाया है जिस पर पूरे समाज को गर्व है। रूबी सैनी की इस बड़ी उपलब्धि पर जहां परिजनों में भारी खुशी का माहौल है।

गुगल द्वारा रुबी सैनी को 11 अक्तूबर से 13 अक्तूबर 2018 को गुगल के साऊथ एशिया मुख्यालय सिंगापुर में ही गुगल की विशेष मेहमान के तौर पर आमन्त्रित किया गया है ताकि वह गुगल की कार्य प्रणालियों का अवलोकन कर सकें रुबी सैनी को गुगल की और से 1 हजार अमरीकन डालर की स्कॉलरशिप भी प्रदान जाएगी। उनके भाई मोहित सैनी, माता संतोष सैनी व दादी सुमित्रा देवी ने अपनी लाडली की इस उपलब्धि पर फर्क करते हुए कहा कि रूबी बचपन से ही होनहार प्रतिभा की धनी रही है। उसने पांचवीं कक्षा में नवोदय की परीक्षा पास की तथा 2010 में दसवीं में 90 प्रतिशत अंक से सफलता प्राप्त की। रूबी ने जे.एम.आई.टी. रादौर से कम्प्यूटर साईस में बी. टेक की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ पास करने के साथ ही उसका चयन आई. टी. कंपनी इंफोसिस में हो गया था।जिसे ज्वाईन करने के बाद भी रूबी सैनी ने आगे बढ़ने के लिए पढ़ाई जारी रखी और उसने नैशनल युनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर से इंटरप्राईज बिजनैस एनालाईस्सिट में एम.टेक. करने का फैसला किया। सिंगापुर में पढ़ाई के दौरान ही विश्व विख्यात आई.टी. कंपनी गुगल द्वारा विश्व स्तरीय ए.पी.एस.सी. वूमैन टैक्मेकर स्कॉलरशिप प्रोग्राम–2018 में भाग ले जीत कर समाज व देश को गौरवान्वित किया है। माली सैनी संदेश परिवार रूबी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ ही उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

समाज की बेटी बनीं मिसाल

अपना चूल्हा जलाया और दूसरों का बुझने से बचाया

5 बच्चों की मां सीमा सैनी ने 32 महिलाओं को उपलब्ध कराया नियमित रोजगार
बच्चों के लालन पालन के साथ कृषि उत्पादन में निभा रही मजबूत भूमिका



मोदीपुरम। सरकार और गैर सरकारी संगठनों द्वारा चलाए जाने वाले स्वयं सहायता समूह की मिसालें तो खूब मिल जाएगी, लेकिन अपने बूते महिला सशक्तिकरण की ऐसी मिसाल आपको बहुत कम मिलेगी, जिसमें चूल्हा चौका संभाल रही महिला न सिर्फ एक आदर्श कृषि उत्पादक बनी, बल्कि दूसरी महिलाओं को खेती से जोड़कर उनका चूल्हा भी बुझने नहीं दिया। यह कहानी है यह कहानी है तापड़ के महल गांव की सीमा सैनी की जिने आगे नारी सशक्तिकरण की सीमाओं का अपने बूते विस्तार किया। पति नंदकिशोर के साथ ठेके पर जोत की जमीन लेकर सीमा ने 32 महिलाओं को जोड़ा और इनके लिए नियमित रोजगार का अवसर मुहैया कराया। यह महिला घर मं चूल्हा संभालने के साथ खेत में अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है।

पांच बच्चों के पालन पोषण का जिम्मा खुद उठाने वाली सीमा का समय प्रंबधन भी बेहतरीन है। सुबह चूल्हा चौका और उसके बाद ट्रेक्टर लेकर खेत पर निकल, गुढ़ाई और फसल कटाई के बाद उसे कृषि उत्पादन मण्डी समिति या बाजार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी वह खुद निभाती है। सभी मामलों में उनसका ज्ञान भी भरपूर है। दरअसल नंदकिशोर 35 बीघा कृषि भूमि पर कृषि करते थे और यह अक्सर खेती के काम में अकेले पड़ जाते थे।

सीमा बताती है कि कई साल पहले उन्होंने अपने पति के साथ खेती में हाथ बंटाने की ठानी। सर्दी के सीजन में चीनी मिलों के पेराई सत्र में वह स्वयं ही गन्ना कटवानें, ढ़ोने औन मयाना गौनी मिल तक सप्लाई की जिम्मेदारी निभाती है। नंदकिशोर बताते है कि तीन सौ बीघा जमीन ठेके पर ली और इस पर भी खेती करने लगे। यह जमीन महल, भगवानपुर और मायाना क्षेत्र में है। सीमा ने अपने साथ जरूरतमंद 32 महिलाओं को जोड़ा और समूह बनाया, जो खेतों पर मजदूरी करती है और इन्हें प्रतिदिन 200 रूपये पारिश्रमिक दिया जाता है। पूर साल खेतों पर कामकाज को सीमा ही लीड करती है। माली सैनी संदेश पत्रिका समाज की होनहार बेटी के द्वारा अपनी सभी जिम्मेदारियों के साथ ही स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के किए प्रयासों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

बच्चों की शिक्षा पर भी है पूरा फोकस

सीमा सेनी बच्चों की शिक्षा पर भी पूरा ध्यान देती है। घरेलू काम खुद संभालती है और बाहर के काम पति के हवाले है। पांच बच्चों में तीन लड़कियां और दो लड़के है। बड़ी बेटी मानसी बी.कॉम कर रही है, बेटा अश्वनी आठवीं कक्षा में प्ढरहा है। बेटी मुस्कान कक्षा सात, प्राचची कक्षा पांच और सबसे छोटा बेटा इशांत कक्षा तीन में है। सीमा खुद कक्षा आठ तक पढ़ी है, लेकिन शिक्षा का महत्व जानती है और इसलिए बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने पर ध्यान दे रही है। उनके पति नंदकिशोर बी.एस.सी. है।

बेटी को भी सिखाया ट्रैक्टर चलाना

सीमा सैनी ने बताया कि उन्होंने बेटी मानसी को भी ट्रैक्टर चलाना सिखाया है वह भी खाली खेत में जुताई करने लगी है। हांलाकि वह बेकिंग के क्षत्र में जाना चाहती है और इसी उद्देश्य से बी.कॉम. कर रही है।

रविवार को रखते है छुट्टी

नंदकिशोर सैनी और सीमा बताते है कि वे खेतों के कामकाज की संडे का छुट्टी रखते है। यह दिन उन्होंने ग्रुप की महिलाओं को अपने घरों की जरूरी कामों के निस्तारण के लिए छोड़ रखा है और वे खुद अपने बच्चों के बीच में रहते है। अन्य दिनों में पांच बजे उठकर पहले घर का काम और फिर खेती के लिए निकल जाते है।

माली समाज का जिला स्तरीय राजनीतिक चिंतन सम्मेलन, दोनों दलों से मांगे टिकट

नागौर। विधानसभा चुनाव 2018 में दोनों प्रमुख दलों को चाहिए कि वे माली समाज के कर्मठ कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधित्व प्रदान करे अन्यथा समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह बात जयराम सोलंकी पटेल ने शनिवार को परबतसर विधानसभा के ग्राम बिंदियाद स्थित तंवर कृषि फार्म में आयोजित माली सैनी समाज के विशाल जिला स्तरीय चिंतन सम्मेलन को बतौर अध्यक्ष संबोधित करते हुए व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि नागौर जिले में तीन विधानसभा सीटों से समाज द्वारा टिकट की मांग की जा रही है। जिसमें नागौर से कृपाराम सोलंकी, मकराना से गीतादेवी सोलंकी व परबतसर से दीपक तंवर पुत्र लक्ष्मीनारायण तंवर द्वारा टिकट की मांग की जा रही है। यदि दोनों पार्टियों द्वारा माली समाज के उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं प्रदान किया गया तो दोनों दल इसका खामियाजा भुगतने को तैयार रहे। नागौर सभापति कृपाराम सोलंकी व माली समाज नागौर के पूर्व अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने भी पार्टीबाजी से ऊपर उठकर समाज के व्यक्ति को एकजुट होकर समर्थन देने की बात कही।

वही खींवसर से जगदीश कच्छावा ने कहा कि जिले की सभी विधानसभा सीटों से वहां के माली समाज अध्यक्ष अपने लेटरपेड पर समाज के प्रतिनिधि को टिकट दिए जाने की मांग करे। बैठक में समाजबंधुओं की मांग पर नागौर अध्यक्ष मूलसिंह सांखला ने जल्द ही नागौर में समाज का एक सम्मेलन आयोजित किए जाने की घोषणा की। छः गांव अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला ने कहा कि जिले में लगभग दो लाख माली समाज के मतदाता है जो सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक की भूमिका अदा करते है। इसबार चुनाव से पूर्व सभी विधानसभा क्षेत्रों में किस उम्मीदवार का समर्थन करना है इस पर भी सामाजिक चिंतन कर समाज एकजुट होकर निर्णय करेगा।

बैठक को नागौर पार्षद, चेनाराम, रामनिवास सांखला नागौर तुलसीराम सोलंकी मकराना, किशन गोपाल दगदी परबतसर, रामप्रसाद तंवर बिदियाद, लोकेश सैनी परबतसर, मनोज कच्छावा बोरावड, डेगाना अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, हरदीनराम जिलिया, धन्नाराम सोलंकी जायल, पन्नालाल सांखला राणीगांव चेन्नार सरपंच खींवसिंह, ताउसर सरपंच आसाराम भाटी, डीडवाना पूर्व चैयरमेन रामाकिशन पंवार, बलदेवराम कच्छावा तरनाऊ आदि समाजबंधुओं ने भी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सामाजिक व्यक्ति को तन, मन, धन से समर्थन देने की बात कही।

